स्पीड न्यूज

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिक के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी टुंडी निवासी सीताराम मुरमुर को बीस वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। मंगलवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 3 अप्रैल की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता के शिकायत पर टुंडी थाने में 9 जुलाई 23 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सीताराम मुरमुर ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया जिस कारण वह गर्भवती हो गई। वर्ष 2020 में उसने एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद आरोपी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया । ग्राम प्रधान के घर में इस कारण बैठक हुई जिसमें सीताराम ने अपना दोष स्वीकार किया और शादी करने की बात कही परंतु फिर वह अपने वादे सु मुकर गया और शादी से इंकार कर दिया। 6 जुलाई 23 को आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट किया। अनुसंधान के बाद पुलिस में 4 सितंबर 23 को आरोप पत्र दायर किया था। 26 सितंबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी ए इस दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया था।

### लोस चुनाव को लेकर आजसू की बैठक

**तोपचांची ।** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को तोपचांची झील समीप आजसू कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के घर.घर में जाकर ग्रामीणों से जनसंपर्क अभियान चलाना है और आगामी लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी को भारी मतों से विजय बनाना है। इस दौरान मौके पर अनुप पाण्डेय एमनोज महतोए संतोष महतोए रमेश मुनिए निरंजन मंडलए रामचंद्र ठाकुरए सदानंद महतो गीता देवीए प्रमोद महतो साहित्य मौजूद थे।

### पीएम आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप

**बाघमारा।** ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो ने बाघमारा प्रखण्ड में पीएम आवास ;भूमिहीनद्ध योजना में तत्कालीन बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति पर अनियमिता बरतने का आरोप लगाया हैए उन्होंने इस संदर्भ में धनबाद के उपायुक्त को पत्र लिखकर मामले में हुई गड़बड़ी की जांच की मांग करते हुए दोषी लोगो पर कर विभागीय कार्यवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि आरटीआई एक्ट 2005 के तहत दिनांक 11 मार्च को बीडीओ बाघमारा के निर्देशानुसार पंचायत सचिव सतेन्द्र ठाकुर ने सीनिडीह ग्राम पंचायत के भूमिहीन गरीब लोगो के पीएम आवास योजना का भौतिक निरीक्षण कराया। निरीक्षण में आवास निर्माण में गड़बड़ी देखने को मिली।

# आचार संहिता का पालन करते हुए मनाएं रामनवमी और ईद : उपायुक्त

## डीजे पर प्रतिबंध, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को ईद उल फितर एवं रामनवमी को लेकर न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कहा कि रामनवमी में सभी अखाड़ा दल गैर राजनीतिक जुलूस निकालेंगे। जुलूस में नारा भी गैर राजनीतिक होना चाहिए। कोई चूक होने पर जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के तहत कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा। उपायुक्त ने कहा कि सुझावों का समाधान जिला स्तर पर अधिकारियों के साथ बैठक में किया जाएगा। धनबाद अनुमंडल में दंप्रसं की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा है। इसलिए वैसे आयोजन, जिसमें पांच से अधिक व्यक्ति शामिल होंगे, उसके लिए ईन्कोर पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है।




### नए अखाड़ा दल का नहीं होगा रजिस्ट्रेशन

उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान केवल रजिस्टर्ड अखाड़ा दल जुलूस निकाल सकेंगे। किसी भी नए दल का रजिस्ट्रेशन जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया जाएगा। अखाड़ा दल पुराने रूट का पालन करेंगे। सभी अखाड़ा दल अपने स्तर से पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ताओं की तैनाती करेंगे। कार्यकर्ता जुलूस शुरू होने से अंत तक पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहेंगे।

### शराब बिक्री पर रोक

उपायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान पूरे जिले में शराब बिक्री पर रोक रहेगी। डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर भी पाबंदी रहेगी। कहा कि अखाड़ा दल किसी प्रकार के धारदार हथियार या वैसे शस्त्रों से करतब नहीं करें जिससे दर्शकों के चोटिल या घायल होने की आशंका है। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

### उपद्रवियों को चिह्नित कर पुलिस को करें सूचित : एसएसपी

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सभी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाए। उन्होंने उपद्रव करने वाले युवाओं को चिह्नित करने, उनके विरुद्ध सामाजिक कार्रवाई करते हुए, उनके संबंध में पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया। एसएसपी ने कहा कि चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रशासन अवांछित एवं असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट, 107, 108, 109 के तहत कार्रवाई कर रहा है। इसके बाद भी लोग नहीं सुधरेंगे तो प्रीवेंटिव अरेस्ट भी किया जाएगा। उन्होंने सभी से विशेष चौकसी बरतने, कार्यकर्ताओं को मुस्तैदी से अपने कर्तव्य का पालन करने, अखाड़ा दलों को अपने संबंधित डीएसपी एवं थाना प्रभारी के साथ को-ऑर्डिनेट करने, धार्मिक स्थलों तथा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी का अनुरोध किया।

# कांग्रेस ओबीसी सचिव पार्टी को छोड़ ढुल्लू महतो को देंगे समर्थन



### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया पांच लाख वोटों से जीत का दावा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस ओबीसी सचिव और अखिल भारतीय तेली साहू महासभा के अध्यक्ष जगदीश साव ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। वह अब ढुल्लू महतो के समर्थन में मैदान में उतरेंगे। धनबाद गांधी सेवा सदन में बुधवार को उन्होंने प्रेस वार्ता की, जिसमें बताया कि कई वर्ष बाद धनबाद से ओबीसी और साहू समाज के व्यक्ति को लोकसभा का टिकट मिला है। इसलिए वह अपने समाज के प्रत्याशी का समर्थन कर रहे है। उन्होंने कहा कि ऐसी हालत में वह कांग्रेस में नहीं रह सकते। है। कहा कि दर्जनों समर्थकों के साथ वह ढुल्लू महतो का समर्थन कर रहे हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा में अंकेश राज उर्फ पप्पू साव ने कहा कि ओबीसी प्रत्याशी को टिकट मिलने पर कई लोग उन पर अपराधी होने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि ढुल्लू महतो पांच लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे।

# आस्था ट्वीन मॉल में खुला वीएलसीसी आउटलेट

## ग्राहकों की काउंसलिंग कर उपलब्ध कराया जाएगा प्रोडक्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बिग बाजार के समीप बुधवार को आस्था ट्वीन मॉल में वीएलसीसी आउट लेट का उद्घाटन कमला देवी, लता देवी तथा वेदांती शर्मा ने किया। ग्राहकों की मनपसंद ओरिजिनल प्रोडक्ट और एक नई पहचान के साथ वीएलसीसी आउटलेट महिला एवं पुरुषों की सेवा में चार चांद लगाएगा। कहा गया कि धनबाद के कंपीटीशन वाले बाजार में वीएलसीसी बहुत ही किफायती दर के साथ अच्छी क्वालिटी का प्रोडक्ट उपलब्ध कराया जाएगा। आउटलेट की संचालक श्वेता शर्मा ने बताया कि धनबाद के एकमात्र वीएलसीसी आउटलेट में ग्राहकों की काउंसलिंग कर प्रोडक्ट प्रोवाइड किया जाता है, ताकि स्किन पर किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं हो। इस वीएलसीसी आउटलेट में स्क्रीन ट्रीटमेंट, एडवांस्ड फेशियल, हेयरबूट ऑफ, केयरेटिन रीवार्डिंग हेयर ट्रीटमेंट, नेल एक्सटेंशन, आई लैस एक्सटेंशन, एयरब्रश मेकअप, एचडी मेकअप आदि कराया जाता है।



# धनबाद में 6 अप्रैल को हीट वेव की संभावना, सावधान रहें

## दोपहर 12 से 3:00 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से परहेज की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित मौसम केन्द्र ने विशेष बुलेटिन जारी कर 6 अप्रैल को राज्य के अलग-अलग जिलों में हीट वेव की संभावना व्यक्त की है। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने हीट वेव के संभावित प्रभाव व उससे बचने के लिए लोगों को खासकर दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने की अपील की है। साथ ही पर्याप्त पानी पीने, हल्के रंग के ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनने, धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता या टोपी, जुते या चप्पल का प्रयोग करने को कहा है। उन्होंने कहा जब तापमान अधिक हो तो बाहरी गतिविधियों से बचें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं। उन्होंने उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचने और बासी भोजन नहीं करने, टोपी या छाते का उपयोग करने, सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े के उपयोग करने की सलाह दी है।

एक नजर में

### निमियाघाट में वाहन जांच में 29 लाख रुपये नकद बरामद



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे वाहनों के जांच अभियान के दौरान बुधवार को जिले के निमियाघाट में एफएसटी और निमियाघाट पुलिस ने करीब दर्जन भर वाहनों से 29 लाख रुपए जब्त किए गएए उक्त कार्रवाई डुमरी बीडीओ अंवेशा ओना और निमियाघाट पुलिस के नेतृत्व में की गईए वाहन जांच के दौरान अलग.अलग वाहनों से जब्त किए गए रुपए में कई कारोबारियों के भी रुपए होने की बात कही जा रही हैए जो अपने कारोबार को लेकर नगद लेन देन को लेकर ईसरी बाजार से गुजर रहे थेए इधर जांच के क्रम में जहां कुछ लोगों ने खुद को कारोबारी बताते हुए कहा कि वो अपने कारोबार को लेकर ही पैसे लेकर जा रहे थेए वहीं इन दावों के बीच एफएसटी की टीम अब जब्त नगद रुपयों को लेकर जांच कर रही है।

### सीपीएम नेता निमाई मुखर्जी के निधन पर सिंदरी में हुई शोकसभा



**सिंदरी।** सीपीआई(एम) की धनबाद जिला कमेटी के सदस्य निमाई मुखर्जी के असामयिक निधन पर बुधवार को सिंदरी के डी कालोनी में शोक सभा हुई। दिवंगत नेता की याद में एक मिनट का मौन रखकर सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि निमाई मुखर्जी आजीवन कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य रहे। कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य भी बनाए गए। धनबाद चंद्रपुरा रेलवे लाइन को चालू करने के आंदोलन में एक स्तंभ की तरह वह खड़े थे। उनके निधन से पार्टी तथा समाज को काफी नुकसान पहुंचा है। शोक सभा में सिंदरी कमेटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर, सिंदरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद, एडवा नेता रानी मिश्रा, नरेंद्र नाथ दास, सुबल चंद्र दास, राम लायक राम, राम लाल महतो, अनिल कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

### बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो नहीं हुए हाजिर

**धनबाद।** नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने के एक मामले में बुधवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो अदालत में हाजिर नहीं हुए । धनबाद एमपी एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनुष्का जैन की अदालत में ढुल्लू महतो की ओर से अधिवक्ता ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया। प्राथमिकी कुंती देवी की शिकायत पर बरोरा थाने मे 23 फरवरी 22 को दर्ज की गई थी। अनुसंधान के बाद बरोरा थाने की पुलिस ने विधायक ढुल्लू महतोए प्रेम महतो एअजय गोरी एबसंत रायए भोला रायए सुभाष सिंहए दशमी देवीए सुरेश महतो एनेमोती देवी एसुरेश सावए गुड्डू महतोए धर्मेंद्र गुप्ता एकृष्ण रविदास एवं विकास सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था।

# अंचल कार्यालय में कामकाज ठप, आम लोगों को परेशानी

## गोविंदपुर सीओ से ईडी कर रही पूछताछ, ऑफिस में लटका ताला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** मनीलॉन्ड्रिंग एवं सरकारी जमीन की हेराफेरी में फंसे गोविंदपुर अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह एक ओर रांची में ईडी की पूछताछ का सामना करना रहे हैं तो दूसरी ओर गोविंदपुर की जनता विभिन्न कार्यों के लिए परेशान है। अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह से ईडी ने सोमवार को पूछताछ शुरू की जो मंगलवार को भी जारी रही। हजारीबाग उपायुक्त ने भी उन्हें एक सप्ताह के अंदर हजारीबाग सदर के अंचलाधिकारी रहते 66 वर्षों की लगान रसीद निर्गत कर देने के मामले में स्पष्टीकरण पूछा है। एक अप्रैल से 3 अप्रैल तक जहां वह गोविंदपुर अंचल कार्यालय से बाहर रहे,वहीं अंचल कार्यालय ा आए रैयतों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पिछले तीन दिनों से अंचलाधिकारी के कार्यालय में ताला लटका हुआ है। उल्लेखनीय है कि विगत 12 मार्च को हजारीबाग बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद एवं शशि भूषण सिंह के ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। वह जमीन की हेराफेरी के एक पुराने मामले में इडी के अभियुक्त हैं। इडी की छापामारी में जब्त लाखों रुपये में से 15 लाख रुपये अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह के घर से मिले थे।



### शशि भूषण का हो चुका है रांची तबादला

अंचलाधिकारी शशि भूषण का तबादला रांची मुख्यालय में हो गया है ।उनके स्थान पर सिमरिया के अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे का यहां पदस्थापन भी हुआ. श्री दुबे ने यहां योगदान भी दे दिया था। परंतु आचार संहिता के कारण उनका योगदान प्रभावी नहीं हुआ और शशि भूषण सिंह ही अंचलाधिकारी बने हुए हैं।

# बिजली बिल मांगने के बहाने घर में घुस कर महिला से दुष्कर्म का प्रयास, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** बिजली बिल वसूली के नाम पर घर घुस कर अकेली महिला को देख दुष्कर्म की नीयत से जबरदस्ती का प्रयास करने के आरोप में टुंडी करमा टांड निवासी रफीक अंसारी को राजगंज पुलिस ने जेल भेज दिया। टुंडी की ही पूजा देवी राजगंज थाना क्षेत्र के लेदोडीह में सोमरी देवी के मकान मे भाड़े पर रह रही है। उन्होंने राजगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में महिला ने लिखा है कि लाल रंग की पल्सर जेएच 10 एइ 5057 पर सवार रफीक उसके टुंडी स्थित मकान में पहुंचे और बकाया बिजली बिल देने की बात कही। जब वह बिल से संबंधित कागजात लाने अंदर गयी तभी पीछे से रफीक भी आ पहुंचा और उसके साथ जबरदस्ती की। उसे जमीन पर पटक कर दुष्कर्म का प्रयास किया। वह उसे धक्का देकर भागी और चिल्लाने लगी। आवाज सुन आसपास के लोग जमा हो गए और उसे दबोच कर थाने को सूचित किया गया। पुलिस ने उसे बुधवार को जेल भेज दिया है।



# भगवती जागरण में रातभर झूमे मैथन वासी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** शीतला पूजा के अवसर पर मैथन एरिया नंबर 5 में मंगलवार की रात भव्य भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। भगवती जागरण में झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को रातभर झूमाया। श्रोता रातभर भक्तिरस में डूबे रहे। कलाकार सरोज प्रसादए चंदन तिवारीए शोभा यादवए संगीता कुमारी एवं रंजीत झा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। जिसमें बैरी रक्षवा ऐ माईए बिना के बजईया सुर के रचईयाए पधारो पधारो घर में पधारोए माई के धमवा धमवा देख के ऐसे मनवा करे हो रामए हमसे भंगिया ना पिसाई ए गणेश के पापाए राम जी से पूछे जनकपुर के नारीए कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभुजी चले आनाए निमिया के डारी मैया झूलेला झुलनवा सहित अन्य भक्ति गीतों पर लोगों को रातभर बांधे रखा और झूमने पर मजबुर कर दिया। भगवती जागरण को सफल बनाने वालों में सत्यनारायण कुशवाहाए यशवंत सिंहए राजू प्रसादए नरेश रामए गौतम मित्राए शेखर कुमारए अशोक कुमारए तापस मंडलए राजन कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### राजगंज पुलिस ने की क्रिटिकल बूथ, जंगली और नक्सली क्षेत्र की जांच



**राजगंज।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के क्रिटिकल बूथ, जंगल क्षेत्र, नक्सली क्षेत्र, कलवर्ट पुल की जांच के साथ एरिया डोमिनेशन का काम किया। इस क्रम में पुलिस बोकाथन स्कूल, राजाबांसपहाड़ ,गरीबडीह के साथ-साथ गंगापुर लिलोरी मंदिर के जंगलों में छानबीन की। साथ ही चुंगी ,पहाड़पुर , सरायदाहा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए चुंगी स्कूल, दलूडीह प्राथमिक विद्यालय, लठाटांड स्कूल आदि की जांच की।। टीम ने स्थानीय लोगों को भय मुक्त होकर भारी से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की।

### हीरापुर हरमंदिर रोड के मकान से चोरों ने लाखों की संपति उड़ाई

धनबाद। हीरापुर हरिमंदिर रोड स्थित अमित रॉय के मकान को चोरों ने निशाना बनाया। बता दें कि अमित रॉय अपने पूरे परिवार के साथ सोमवार को कोलकाता गए हुए थे। बुधवार की सुबह रिश्तेदारों से सूचना मिली कि घर का ताला टूटा हुआ है। गृहस्वामी ने बताया कि कलकता से आने के बाद घर के अंदर गया तो देखा कि सामान बिखरा पड़ा है तथा घर में रखे दो लाख कैश और गहने जेवरात की चोरों ने चोरी कर ली। कहा कि लगभग 3 से 4 लाख की संपति पर चोरों ने हाथ साफ किया। पुलिस को सूचना दे दी गई है।

# गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में बिछने लगी चुनावी बिसात

## टिकट नहीं मिलने से मायूस हैं रविंद्र पाण्डेय के समर्थक

प्रेम कुमार

**बाघमारा।** लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में दुदुम्भी बज चुकी हैए ऐसे में सभी लोकसभा क्षेत्र के राजनैतिक मैदान में चुनाव लड़ने वाले राज नेताओं के नाम विभिन्न दलों द्वारा फाइनल किये जा रहे हैंए अपने चहेते प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने का टिकट मिलने के बाद उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा हैए लोकसभा चुनाव की बात करें तो झारखंड में 14 लोकसभा सीट में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र हमेशा से चर्चा का विषय रहा हैए पुन रू गिरिडीह में लोकसभा चुनाव को लेकर कई दलों ने अपने उम्मीदवारों का नाम फाइनल कर दिया हैए अभी तक दो चर्चित नाम इस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर सामने आये हैं जिसमें भाजपा व आजसू गठ बंधन के प्रत्याशी गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं झामुमो के मथुरा महतो शामिल हैंए ये दोनों नाम किसी परिचय के मोहताज नहीं हैंए मालूम हो की चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ क्षेत्र से हैं जबकि उनकी राजनैतिक गतिविधियां वर्ष 2019 में गिरिडीह से सांसद बनने के बाद इस क्षेत्र में बढ़ी हैए जबकि मथुरा महतो टुंडी से झामुमो के विधायक हैं ।ए श्री महतो चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह कमर कस चुके हैं उनका राजनैतिक प्रचार कार्य क्षेत्र में प्रारम्भ हो चुका हैए वहीं आजसू के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी भी प्रचार कार्य में जुट गए हैंए वहीं क्षेत्र में चर्चा रही की गिरिडीह से पांच बार सांसद रहे रविंद्र कुमार पाण्डेय को भाजपा हाई कमान के द्वारा वर्ष 2024 के चुनाव में पुनः चुनाव लड़ने का मौका देगीए परन्तु भाजपा व आजसू के गठ बंधन के तहत झारखंड के 14 में से एक सीट गिरिडीह को चुनाव के लिए पुन रू आजसू के झोले में डाल दिया गयाए जिसके तहत वर्ष 2019 में आजसू से चुनाव लड़कर सांसद बनने वाले चंद्रप्रकाश चौधरी को वर्ष 2024 के लिए उम्मीदवार बनाया गयाए गिरिडीह की कमान आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी को दिए जाने के बाद यहां से पांच बार सांसद रहे रविंद्र कुमार पाण्डेय के समर्थकों कों भारी निराशा हाथ लगी हैए मालूम हो की अबतक के गिरिडीह लोकसभा के हुए चुनाव में रविंद्र कुमार पाण्डेय को वर्ष 1996ए 1998ए 1999ए 2009 एवं 2014 में सांसद बनने का मौका मिला।

### वर्ष 2019 में रवींद्र पांडेय का टिकट काट चंद्रप्रकाश चौधरी को मिला था टिकट

वर्ष 2019 में रविंद्र कुमार पाण्डेय का टिकट काटकर गिरिडीह से आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया था। श्री चौधरी को भाजपा आजसू गठ बंधन का फायदा मिला तथा वे इस क्षेत्र से सांसद चुने गए पुन रू इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी को चुनाव के लिए खड़ा किया गया हैए रविंद्र कुमार पाण्डेय के गिरिडीह से सांसद का चुनाव लड़ने पर लगभग विराम लग चुका है। ऐसे में उनके धनबाद सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की बात हवा में तैर रही है परन्तु उक्त चर्चा की फिलहाल कोई पुष्टि नहीं हुई हैए रविंद्र कुमार पाण्डेय लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे या नहीं इसपर भी अभीतक संशय है। दूरभाष पर इस संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने चुनाव लड़ने को लेकर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दियाए गिरिडीह से लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए अभी कई नाम क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है जिनमें एक नया नाम झारखंड खतियानी भाषा संघर्ष समिति के नेता जयराम महतो का हैए वे गिरिडीह या धनबाद से चुनाव लड़ेंगे यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### गिरिडीह के अब तक के सांसदों पर एक नजर

1952- नागेश्वर प्रसाद सिन्हा : कांग्रेस, 1957- काजी एस ए मतीन : छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी, 1962- बटेश्वर सिंह : स्वतंत्र पार्टी 1967- इम्तियाज अहमद : कांग्रेस, 1971- चपलेंदु भट्टाचार्य : कांग्रेस 1977- रामदास सिंह : जनता पार्टी, 1980- बिंदेश्वरी दुबे : कांग्रेस आई 1984- सरफराज अहमद : कांग्रेस, 1989- रामदास सिंह : भाजपा 1991- बिनोद बिहारी महतो : झामुमो, 1992- उप चुनावद्ध : राजकिशोर महतो : झामुमो, 1996- रवींद्र कुमार पांडेय : भाजपा, 1998- रवींद्र कुमार पांडेय : भाजपा, 1999- रवींद्र कुमार पांडेय : भाजपा, 2004- टेकलाल महतो : झामुमो, 2009- रवींद्र कुमार पांडेय : भाजपा, 2014- रवींद्र कुमार पांडेय : भाजपा, 2019- चंद्रप्रकाश चौधरी : आजसू

स्पीड न्यूज

## चिरकुंडा में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आम सभा

**चिरकुंडा।** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा स्वीप अभियान के तहत वार्ड संख्या 3 के गोस्वामीपाड़ा स्थित ठठेरापाड़ा में आमसभा हुई। कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने मतदाताओं से कहा कि किसी भी पार्टी या नेता के दबाव में न आकर अपना स्वतंत्र रूप से मतदान करें। साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। कहा कि जिनकी उम्र 18 साल हो चुकी है, वे फार्म 6 भरकर अपना नाम पंजीकृत करा लें व लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदाताओं को शपथ भी दिलाई गई। मौके पर निवर्तमान पार्षद योगनाथ गोस्वामी, सुपरवाइजर अमर दास,चिनमय बनर्जी,अनिल साव,ओंकार नाथ श्रीवास्तव,अनूप कुमार,बैजू साव आदि मौजूद थे।

## झरिया में भागवत कथा में शामिल हुईं रागिनी सिंह

**झरिया।** झरिया के भौरा 12 नंबर कुम्हार पट्टी में आयोजित सात दिवसीय बाल गोपाल श्री भागवत कथा महायज्ञ एवं श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह यज्ञ स्थल पहुंचए पूजन हवन किया वही श्री हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित हुई । सर्व प्रथम नारियल फोड़ एवं फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं विधिवत पूजा अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद लिया। वही पूजा समिति को सफल आयोजन पर अपनी विशेष शुभकामनाएं दी। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने कहा कि जहा कथा और यज्ञ होता है वहा सारी नकरात्मक शक्तियां क्षीण हो जाती है मैं प्रभु से क्षेत्र के लोगो की खुशहाली की कामना करती हु। मौके पर मौजूद उमेश यादवए शिव कुमार यादवए अभिषेक पाण्डेयए संजीव सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय श्रद्धालु मौजूद थे।

## रंजय हत्याकांड : गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप मे जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखलेश कुमार की अदालत में रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया । वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। अभियोजन ने गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है ! पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था, जबकी चंदन शर्मा एहरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है।

# गोविंदपुर के गांव से 12 बाइक बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**गरीबों को ऊंची दर के ब्याज पर पैसा देकर बाइक बंधक रखता था सिराज शेख**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** सिटी एसपी अजीत कुमार के नेतृत्व में मोटरसाइकिल चोरी पर रोक लगाने के लिए गठित एसआईटी ने मंगलवार को गोविंदपुर गांव भीतर में छापेमारी कर 12 मोटरसाइकिल बरामद की। निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला एवं डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती के मार्गदर्शन में गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद एवं निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनजीत कुमार के साथ गांव भीतर में सिराज शेख उर्फ रेहान के किराया घर पर छापेमारी की । पुलिस ने से सिराज शेख को गिरफ्तार कर लिया तथा विभिन्न कंपनियों की कुल 12 मोटरसाइकिल उसके निवास परिसर से बरामद की। सिटी एसपी अजीत कुमार ने बुधवार को गोविंदपुर थाना में मीडिया से कहा कि प्रथम द्दष्टया अभियुक्त सिराज शेख लोगों की खराब आर्थिक की स्थिति का फायदा उठाते हुए ऊंचे ब्याज दर पर पैसा देकर उनकी मोटरसाइकिल गिरवी रख लेता है । गोविंदपुर थाना कांड 87 /2024 दिनांक 2-4- 2024 धारा 413, 414, 484, 506 भादवि एवं धारा 5 झारखंड प्राइवेट मनी लैंडिंग प्रोविजन 2016 के तहत प्राथमिकी



दर्ज की गई है। छापामारी दल में एसआई शैलेंद्र कुमार , दिनेश प्रसाद मेहता एएसआई विजय कुमार श्रीवास्तव, आरक्षी शिवनारायण महतो, मेघनाथ सिह, सरजू राम, संजय महतो आदि शामिल थे। सिटी एसपी ने कहा कि मोटरसाइकिल चोरी के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि रिकवरी एजेंटो को मनमानी करने की छूट नहीं दी जा सकती । यदि वह गुंडागर्दी करते हैं तो उन पर कार्रवाई होगी । उन्होंने यह भी कहा कि लोन लेने वाले वाहन मालिक समय पर किस्त जमा करें, ताकि ऐसी स्थिति ना आ पाए।

# बंद चानक में गिरे युवक को निकालने पहुंची एनडीआरएफ और बीसीसीएल की टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** बीसीसीएल की गोपालीचक कोलियरी के बंद चानक में दस दिनों से फंसे खैरा बाबू बासा निवासी बजरंगी तुरी उर्फ बोना को निकालने के लिए बुधवार को देवघर से 13 सदस्यीय एनडीआरएफ एवं बीसीसीएल रेस्क्यू टीम ने संयुक्त रूप से बचाव कार्य शुरू किया। एनडीआरएफ की टीम गैस टेस्टिंग कर खदान में कैमरा डाल कर पता लगा रही है कि बंद चानक की स्थिति क्या है।

बता दें कि चानक की गहराई चार सौ फीट है, जिसमें डेढ सौ फीट पानी से भरा है। मौके पर पीबी एरिया महाप्रबंधक एम एस धुत्त, प्रबंधक लखन लाल वर्णवाल, सुरक्षा पदाधिकारी शुभम केशरी, फोरमैन सुपरवाइजर फूलचन्द यादव मुस्तैदी से तैनात हैं।




घटनास्थल पर सीआईएसएफ एवं स्थानीय पुलिस के साथ परिजन भी मौजूद है। भारी संख्या में स्थानीय लोग भी बचाव कार्य को टकटकी लगा कर देख रहे हैं। बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाया और युवक को जल्द खदान से ढूंढ़ निकालने के लिए धनबाद डीसी से फोन पर बाचीत की। उन्होंने कहा कि यह घटना बीसीसीएल की लापरवाही से हुई है। बीसीसीएल प्रबंधन को चानक के चारों और चहादीवारी का निर्माण करना चाहिए था। बीसीसीएल प्रबंधन को पीड़ित परिजनों को मुआवजा भी देना चाहिए। खबर लिखे जाने तक एनडीआर एफ की टीम राहत कार्य में जुटी थी।

# प्रतिबिंब पोर्टल के जरिये दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह में साइबर क्राइम के खिलाफ अभियान**

**● सम्मान मिलने पर बधाई देने वाले का तांता लगा रहा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ चलाये अभियान के तहत एक बार फिर दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की गिरिडीह के बगोदर एवं गाण्डेय थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहें हैण इसी सूचना पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गईण इस टीम में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमारए पुलिस अवर निरीक्षक गुंजन कुमारए पुनित कुमार गौतमए सहायक अवर निरीक्षक गजेन्द्र कुमारए आरक्षी जितेन्द्र कुमार महतो व दामोदर प्रसाद मेहता को शामिल करते हुए छापामारी की गई और 2 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में बगोदर अटकाडीह का 29 वर्षीय अनुज प्रसादए जामताड़ा करमाटाड़ थाना के हेटकरमाटाड़ का 20 वर्षीय धीरन मंडल शामिल है। वहीं गिरफ्तार इन अपराधियों के पास से पुलिस ने 9 मोबाइलए 9 सिम और 5 एटीएम बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तो ने अपने स्वीकारोक्ति

**6 माह में 225 अपराधी दबोचे गये साढ़े 14 लाख रुपये नकद बरामद**



बयान में बताया कि वे साइबर ठगी करने हेतु आम लोगो को लिंक भेज कर उसका वाट्सएप हैक करके साईबर ठगी करते थे और मित्रा एप्प के माध्यम से लोगो के ई वालेट का नंबर प्राप्त कर उन्हे कॉल कर उनके साथ पैसो की ठगी करते थेण बताया गया कि बीते छह माह में 225 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और 14 लाख 56 हजार 310 रूपए बरामद हो चुके हैं।

## ढुल्लू को लेकर झरिया भाजपा में खेमेबंदी

**झरिया।** ये इश्क नहीं आसां इतना ही समझ लीजिएए इक आग का दरिया है और डूब के जाना हैणणणण जिगर मुराबादी की लिखी हुई इस शायरी को आपने फिल्मों या रंगमंचों में अक्सर सुना होगा लेकिन वर्तमान लोकसभा चुनाव के मौसम में भाजपा सांसद पद के उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा ही बैठाया जा रहा है। दरअसल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अगर भाजपा उम्मीदवार के समर्थक गर्मजोशी से भाजपा आला कमान के इस फैसले का स्वागत कर रहे है तो कुछ लोग इस फैसले का खुलकर विरोध भी कर रहे है। विरोध करने वाले लोगो ने भाजपा द्वारा धनबाद विधानसभा क्षेत्र सर्वे रिपोर्ट में सांसद पीएन सिह राज सिन्हा रागनी सिंह परिणीता सिंह व चंद्रशेखर अग्रवाल का नाम है।

एक नजर में

## ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने किया बाल विवाह समाप्त करने का आह्वान



**कतरास।** झारखंड ग्रामींण विकास ट्रस्ट के कार्यलय में बुधवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने बाल विवाह को समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में लड़कियों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए हमारे साथ अपनी आवाज उठाएं उन्होंने कहा प्रेस मीडिया तथा सामाजिक संगठन गर्ल्स नोट ब्राइड के एक सदस्य के रूप में हमारी साझेदारी में शामिल होकर बाल विवाह को समाप्त करने के वैश्विक आंदोलन को मजबूत बना सकते हैं। गर्ल्स नॉट ब्राइड्स टीम दुनिया भर में पत्रकारों और लेखकों को हमारे सदस्य संगठनों से जोड़ती है जो बाल विवाह को समाप्त करने और सभी लड़कियों को अपना सपना पूरा करने के उद्देश्य से भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करती है। प्रेस वार्ता में ट्रस्ट की बेला कुमारी, बिनोद महतो, दीपा रवानी, प्रिया बेबीा, सुमित्रा देवी, चंदा कुमारी आदि मौजूद थे।

## सिंदरी में एसपीएम कॉलेज ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली



**सिंदरी।** लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ जितेन्द्र कुमार बनर्जी ने बुधवार को मतदाता जागरुकता रैली को रवाना किया। रैली में कालेज के छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया। रैली कॉलेज परिसर से डोमगढ़ बस्ती व गोशाला बाजार स्थित बीआईटी गेट से कॉलेज वापस लौटी। रैली में सुदीप पाल, प्रियंका कुमारी, उमेश कुमार मिश्रा, हर्ष सिंह, गीता कुमारी, शिवपूजन सिंह, उज्ज्वल सिंह, राहुल कुमार महतो, सुकुमार चक्रवर्ती, मलय मंडल, अनिल बाउरी, रुपा चक्रवर्ती, पुनम कुमारी, पूरन सिंह, गोपाल धीवर, राकेश महतो, बेबी देवी, युधिष्ठिर टुडु, भोला सिंह, जगदीश आदि ने हिस्सा लिया।

# झरिया में तीन दिनों से ठप है जलापूर्ति, मचा हाहाकार

**जामाडोबा जल संयंत्र ने पाइप की शुरू की मरम्मत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** वाटर लीकेज के कारण पिछले 72 भंते से सम्पूर्ण झरिया में पेयजल के लिये हाहाकार मचा है। गर्मी के दस्तक देते ही पेयजल किंकिल्लत आसन्न लिक्सभा चुनाव पर भी असर डालेगी। बताया जाता है कि जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा से झरिया एवम आस पास के क्षेत्रों में शुक्रवार से सुचारू रूप से पानी की सप्लाई हो सकेगी। संयंत्र केंद्र से झरिया जल मीनार जाने वाले लीकेज 30 इंची पाइप लाइन को दो जगह बनियाहिर 7 नंबर एवम पथरबंग्ला में स्थानीय लोगों के विरोध एवम झमडा के कर्मियों अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार के बाद झमडा के अधिकारियों ने झरिया थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। झमडा कर्मियों ने उक्त स्थान पर सेटप बोक्स तैयार कर दिया है। गुरुवार को पुलिस के संरक्षण में लीकेज मरम्मत कार्य को पूरा किया जाएगा। वही जीतपुर कालीमंदिर के निकट लीकेज मरम्मत कार्य को बुधवार को पूरा कर लिया गया है। झमडा कर्मियों द्वारा संयंत्र केंद्र स्थित 12 एमजीडी जल भंडारण गृह में पानी को फिल्टर कार्य किया जा रहा है। देर रात के बाद से 18 इंची भैरा एवम 30 इंची झरिया लाइन को शुरू किया जायेगा।

**रमजान, रामनवमी, चैती छठ पर्व पर पानी की सप्लाई नही होने से रोष**

झरिया एवम आस पास के क्षेत्रों में हिन्दू एवम मुस्लिम समुदाय के लोग भाई चारे से रहते है। तीन दिन तक क्षेत्र में पानी नही चलने से सार्वजनिक नलों पर भीड़ उमड़ने पहले पानी लेने के सवाल को लेकर मार पीट की घटना होने की संभावना व्यक्त की जा रही है । झमडा के संयंत्र केंद्र के जल कार्य अधीक्षक आशुतोष राणा ने बताया है की 18 इंची पाइप लाइन शुरू कर दिया गया है। 30 इंची में लीकेज रहने के बाद भी जल्द सुचारु रूप से पानी चालू कर दिया जायेगा।

# बगोदर में पांच जुआरी गिरफ्तार

**7 बाइक व नकद बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के पूर्व जिले में पुलिस ने जुआड़ियों की धर पकड़ का भी अभियान भी शुरू किया है। इसके तहत बीते 2 अप्रैल दोपहर में सूचना मिली की बगोदर थाना क्षेत्र के घंघरी टांड में 20.25 की संख्या में लोग जुवा खेल रहें हैण इसी सूचना पर एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर बगोदर.सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से जुवा खेल रहे लोगों में से पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया तथा जुवा खेलने में प्रयुक्त तिरपालए ताश के पतेए सात बाइक एवं दाव में लगे 24 हजार 110 रुपया जब्त किया है ण गिरफ्तार व्यक्तियों में बगोदर बेको का 32 वर्षीय जगदीश महतो उर्फ जगदीश मेहताए बेको पूर्वी का 28 वर्षीय फलजीत कुमार महतोए निमियाघाट प्रतापपुर का 27 वर्षीय मनोज कुमारए निमियाघाट इसरी का 35 वर्षीय सुरेश ठाकुरए बगोदर पोचरी का 45 वर्षीय टहल मंडल शामिल हैण इन सभी को पुलिस ने मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## तस्करी के लिए हो रहा अवैध बालू का भंडारण

**गोमो।** गोमो स्थित सी एस सी अस्पताल जीतपुर को बालू माफियाओं ने अवैध बालू भंडारण का आशियाना बना लिया है। पिछले कई सप्ताह से अस्पताल प्रांगण सहित अन्य कई स्थानो पर में देर रात को बालू की अवेध खनन व तस्करी कर भंडारण किया जा रहा है । विभिन्न कार्य योजना में ट्रैक्टरों के जरिए सप्लाई किया जा रहा है बालू की अवैध भंडारणएव स्फलाई कार्य मे हाईवा जेसीबी एवं ट्रैक्टरों का लगातार परिचालन से सड़के क्षतिग्रस्त हो रही है । आम लोगो को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । यह अवेध कारोबार हरिहरपुर थाना पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है ।अवैध बालू एवं गिट्टी की तस्करी एवं भंडारण खुलेआम हो रहा है । अवेध कारोबार से प्रतिदिन राज्य सरकार के लाखो रुपये राजस्व को चूना लगाया जा रहा है ।बताते हैं कि बालू का अवेध खनन तो हो रहा है क्रशरो से गिट्टी भी बिना चलाना के बेचे जा रहे हैं । ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को सूचनाए देते हैं पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती है । खनन बिभाग संज्ञान नहीं लेता है । जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हीरामन नायक ने कहा है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में चोरी भी और सीना जोरी भी हो रही है।

## सिद्धिदात्री मां मथुरासिनी महोत्सव का समापन



**बाघमारा।** बाघमारा स्थित राजस्थानी सेवा सदन में दो दिवसीय सिद्धिदात्री मां मथुरासिनी महोत्सव का समापन बुधवार को हवन पूजन के साथ संपन्न हुआण इस अवसर पर मां मथुरासिंनी की पूजा अर्चना की गई। सिद्धिदात्री मां मथुरासीनी महोत्सव के कार्यक्रम में माहुरी वैश्य मंडलए नवयुवक समिति तथा महिला समिति का महत्वपूर्ण सहयोग रहाण कार्यक्रम के समापन के मौके पर प्रातः पूजन के बाद पुरोहित रूपेश चंद्र शास्त्री द्वारा माता को पुष्पांजलि तथा हवन पूजन के साथ माता के प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय बड़का तालाब में नगर भ्रमण कर माता के जयकारे में झूमते हुए अबीर गुलाल के साथ किया गया। महोत्सव को सफल बनाने में सुशील गुप्ताए मुख्य यजमान सह सरक्षक राजेंद्र राम गुप्ताए सचिव विपिन गुप्ताए कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ताए नवयुवक समिति के सचिव विकास भदानीए पवनए विकास गुप्तए हिमांशु गुप्ताए विवेक गुप्ताए विभाकर गुप्ताए आकाश लोहानीए अंकित गुप्ताए मनोज गुप्ता समेत समाज के सभी बंधुओं का सराहनीय योगदान रहा।

## बूथों पर चला विशेष जागरुकता अभियान



**धनबाद।** स्वीप कोषांग के तहत बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों के बूथों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। आज झरिया के उन बूथों पर फ्लोर गेम, क्विज, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरुकता रैली समेत कई अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया, जहां पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम था। इन सभी गतिविधियों का लक्ष्य है शत प्रतिशत वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करना। स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत लोगों को शपथ दिलाई गई। लोगों ने सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली। शपथ ग्रहण कराते हुए चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रेरित किया गया। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी से मतदान की अपील की गई।

# जिस बस्ती के नाम पर बसा शहर, वहां पीने का शुद्ध पानी तक दुर्लभ

**परेशानी**

राहुल पांडेय

**सिंदरी।** देश की आजादी के 76 वर्ष बाद भी एक ऐसा गांव है, जहां आज पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था तक नहीं है। हालांकि इसी गांव के नाम से बसा सिंदरी शहर देश-विदेश में अपनी शोहरत फैला रहा है। गांव में 3600 मतदाता हैं, जिनकी सुध लेनेवाला न सांसद, विधायक है और न कोई अन्य जनप्रतिनिधि । सिन्दरी बस्ती में लगभग 2000 पक्के मकान हैं। गांव के नाम से विधानसभा क्षेत्र और शहर बसा हुआ है। हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड खाद कारखना बन कर तैयार हो चुका है, जिसका उद्धघाटन विगत एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर चुके हैं। बावजूद इस बस्ती की रौनक गायब है और उस पर किसी की नजर भी नहीं है। गांव के बीचोबीच झरिया बलियापुर मुख्य मार्ग के निकट सिन्दरी शहर के लिए घर घर पानी पहुंचाने की पाइप लाइन को तोड़कर बस्ती वाले नहाने एवं पीने का पानी लेकर जाते हैं। इस गांव में 2 कुआं भी है, जो गर्मी के दिनों में सूख जाता है। नगर निगम और विधायक मद से 7 चापाकलों में मात्र 3 ठीक हैं। 7 टोला में बसी सिन्दरी बस्ती में 4 चापाकल खराब पड़े हैं। धनबाद नगर निगम अंतर्गत वार्ड 54 के अधीन इस बस्ती की महिलाएं बारिस में जमे पानी से कपड़ा और घर के बर्तन की साफ सफाई करने को मजबूर हैं। बारिश के दिनों में सड़क के किनारे बने नाले के पानी में लोग स्नान और अन्य काम करते हैं।

**धनबाद उपायुक्त को बस्ती बुलाने का आग्रह**

बस्ती का हाल चाल जानने बस्ती पहुंचे खबर मन्त्र के संवाददाता से बस्ती वालों ने धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा को बुलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैडम एक बार बस्ती में आकर हमारे दु:ख दर्द को समझें। देखें कि जून और जुलाई माह में यहां लोग किस तरह जीवन यापन करते हैं। नगर निगम और विधायक मद से बस्ती में चापाकल तो लगा, लेकिन रिपेयर के लिए कोई आगे नहीं आता है। बस्ती के नजदीक दामोदर नदी होने के कारण जमीन के नीचे बालू की मात्रा ज्यादा है, जिस कारण डीप बोरिंग होने पर ही पानी की समस्या का निदान संभव है।

### क्या कहतें है ग्रामीण

बस्ती के पुरुषोत्तम पांडेय ने कहा कि 1953 से परिवार सहित गांव में रह रहे हैं। लेकिन आज तक पीने का पानी नहीं मिला। श्रवण बाउरी ने कहा कि दुर्भाग्य यह है कि पूरे सिन्दरी शहर को पानी पिलाने वाला सेटलिंक टैंक हमारे गाँव के निकट है। परंतु हमलोग शुद्ध पानी के लिए तरस रहे हैं। गुरुपदो मल्लिक ने कहा कि होश संभालने के बाद से कितने लोकसभा और विधासभा चुनाव हो गए। लेकिन नेता लोग चुनाव के समय वोट मांगने आते हैं। जीत जाने के बाद कभी इस बस्ती में ताकने तक नही आते। विजय बाउरी ने कहा कि कुछ लोगों ने निजी खर्च से घरों में पीने के लिए पानी की व्यवस्था कर ली है, मगर ज्यादातर लोग गरीब हैं। उन्हें झरिया बलियाापुर सड़क पार कर पानी भरना पड़ता है। सड़क पार करते समय दुर्घटना का डर बना रहता है।





**कागज-कलम पर बनी योजना, नहीं उतरी धरातल पर**

बस्ती निवासी कुछ लोगों ने कहा कि 1950 में उन्होंने एफसीआईएल खाद कारखना के लिए अपनी जमीन दी थी। एफसीआईएल 1952 से शुरू हुआ, जो 2002 में बंद हो गया। फिर अब नया खाद कारखाना खुल भी गया। कम्पनी वालों ने कई तरह के वादे किए। परंतु आजतक बस्ती वालों को पीने का शुद्ध पानी तक नसीब नही हुआ। कागज पर ना जाने कितननी योजनाएं बनी, परंतु धरातल पर किसी का काम शुरू नहीं हुआ। तीन वर्ष पूर्व माडा की पाइप लाइन बस्ती के कुछ भागों में बिछाई गई। नल भी लगा, जिसमें अब भी जल का इंतजार कर रहे हैं।

